# सुचेता कृपलानी की जयंती

## चर्चा में क्यों?

[स्वतंत्रता आंदोलन](#) और भारतीय राजनीति में अग्रणी व्यक्तित्व के रूप में उनके उल्लेखनीय योगदान की स्मृति में **25 जून, 2024 को सुचेता कृपलानी** की जयंती मनाई जाएगी।

//

## मुख्य बिंदु:

- **परिचय:**
  - वह एक **भारतीय राजनीतिज्ञ और स्वतंत्रता सेनानी** थीं, जिनका जन्म **25 जून, 1908 को हरियाणा के अंबाला ज़िले में हुआ था**
  - वह उन 15 महिलाओं में से एक थीं जिन्हें वर्ष 1946 में **भारत के संविधान** का प्रारूप तैयार करने के लिये गठित नई **भारतीय संविधान सभा** के सदस्य के रूप में चुना गया था।
- **प्रमुख योगदान:**
  - सुचेता कृपलानी **भारत छोड़ो आंदोलन** के दौरान सबसे आगे आईं और वर्ष 1944 में उनकी भागीदारी के लिये अंग्रेज़ों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

    - वह 1940 के दशक के दौरान स्वतंत्रता आंदोलन के लिये **महिला विंग अखिल भारतीय महिला कॉन्ग्रेस (AIMC)** की संस्थापक थीं
    - उन्होंने **वर्ष 1946 में नोआखली में [शरणार्थियों](#) के पुनर्वास** में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई
    - वह भारत में **पहली महिला मुख्यमंत्री (उत्तर प्रदेश, 1963)** बनीं।

## भारत छोड़ो आंदोलन

- 8 अगस्त, 1942 को **[महात्मा गांधी](#)** ने ब्रिटिश शासन को समाप्त करने का आह्वान किया और मुंबई में अखिल भारतीय कॉन्ग्रेस कमेटी के सत्र में भारत छोड़ो आंदोलन शुरू किया।
- गांधीजी ने ग्वालिया टैंक मैदान में अपने भाषण में "**करो या मरो**" का आह्वान किया, जिसे अब अगस्त क्रांति मैदान के नाम से जाना जाता है।
- स्वतंत्रता आंदोलन की **'ग्रैंड ओल्ड लेडी'** के रूप में लोकप्रिय अरुणा आसफ अली को भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान मुंबई के **ग्वालिया टैंक मैदान में भारतीय ध्वज फहराने के लिये जाना जाता है।**
- **'भारत छोड़ो'** का नारा एक समाजवादी और **ट्रेड यूनियनवादी यूसुफ मेहरली** द्वारा गढ़ा गया था, जिन्होंने मुंबई के मेयर के रूप में भी काम किया था।
    - मेहरअली ने **"साइमन गो बैक"** का नारा भी गढ़ा था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/birth-anniversary-of-sucheta-kriplani

दृष्टि The Vision